कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2014–15

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| समिति | : | आई.क्यू.ए.सी. | संयोजक | : | डॉ. अमिता सहगल |
| कार्यक्रम | : | इंडक्शन कार्यकम का आयोजन | | | |
| वक्ता | : | प्राचार्य डॉ. दीपक कारकून | | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 250 | आयोजन तिथि | : | 12.09.2014 |
| उद्देश्य | : | छात्राओं की शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों से संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु | | | |

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

शास. डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में छात्राओं हेतु इंडक्शन कार्यकम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय द्वारा सत्र 2014–15 में छात्राओं की शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों से संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु ट्यूटर वार्ड प्रणाली लागू की गई है जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में अध्ययनरत नियमित छात्राओं हेतु अभिभावक–प्राध्यापक बनाए गए हैं जो उनकी समस्त अध्ययन संबंधी समस्याओं को दूर करने में सहायता प्रदान करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कारकून ने प्रत्येक कक्षा में जाकर छात्राओं को इस व्यवस्था से अवगत किया एवं प्रभारी प्रध्यापकों से छात्राओं का परिचय कराया। इस इंडक्शन से छात्राएं लाभान्वित होंगी एवं उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण होगा।




Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg


कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2014–15

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| समिति | : | आई.क्यू.ए.सी. | संयोजक : | डॉ. ऋतु दुबे |
| कार्यक्रम | : | रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन | | |
| वक्ता | : | डॉ. रविन्द्रनाथ एम, डॉ. राजू भैस एवं डॉ. अजय गोवर्धन | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 200 | आयोजन तिथि : | 18.09.2014 |
| उद्देश्य | : | छात्राओं का निःशुल्क सिकलसेल एवं हीमोग्लोबिन परीक्षण करना | | |

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

शास. डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में रेडक्रास सोसायटी एवं इंडियन मेडिकल एसोसियेशन के संयुक्त तत्वाधान एवं मुख्य चिकित्सालय सेक्टर 09 के सी. एस. आर. के सहयोग से दिनांक 18.09. 2014 को रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत सिकलसेल एवं हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया। जिसके अंतर्गत छात्राओं का निःशुल्क सिकलसेल एवं हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया। शिविर का आरंभ मुख्य चिकित्सालय सेक्टर 09 हॉस्पिटल में कार्यरत डॉ. रविन्द्रनाथ एम, ज्वाइन्ट डायरेक्टर द्वारा छात्राओं को सिकलसेल का विस्तृत जानकारी देकर की गई, उन्होंने हीमोग्लोबिन की कमी से होने वाली बिमारियों की जानकारी से भी छात्राओं को अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ. अजय गोवर्धन अध्यक्ष, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन दुर्ग ने जिले की महिलाओं को हीमोग्लोबिन रहित बनाने का मुहिम की जानकारी दी। डॉ. राजू भैस ने रक्त परीक्षण आवश्यक क्यों है, की जानकारी दी ये इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सचिव हैं। महाविद्यालय यूथ रेडक्रास सोसायटी के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ. दीपक कारकून ने छात्राओं को समाज को जागरूक करने की बात कही। इस शिविर पर लगभग 200 छात्राओं के सिकलसेल एवं रक्त परीक्षण सुनील सेमुअल, एम.एल. साहू तकनीशियनों के सहयेग से किया गया। महीविद्यालय के रेडक्रास सोसायटी की संयोजिका डॉ. ऋतु दुबे ने कार्यकम का संचालन किया, सहसंयोजक डॉ. लता मेश्राम ने सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया। महाविद्यालय का प्राध्यापिका मुकेश्वरी एवं हीना गोदवानी ने अमूल्य सहयोग किया। छात्राओं ने उत्साह से बढ़कर हिस्सा लिया।



Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, D

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2014–15

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मिति | : | आई.क्यू.ए.सी. | संयोजक | : | डॉ. यशेश्वरी ध्रुव |
| कार्यक्रम | : | आत्मरक्षा संबंधी व्याख्यान का आयोजन | | | |
| वक्ता | : | श्री वीरेन्द्र सत्पथी एवं श्रीमति मोनिका पाण्डे | | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 125 | आयोजन तिथि | : | 25.09.2014 |
| उद्देश्य | : | छात्राओं को आत्मरक्षा संबंधी जानकारी देना | | | |

निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

शास. डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के वुमन सेल, एलुमनी एवं रा. से. यो. इकाई के संयुक्त तत्वाधान में छात्राओं के आत्मरक्षा संबंधी अति आवश्यक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र सत्पथी। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमति मोनिका पाण्डे थाना प्रभारी दुर्ग, श्री दिनकर, छ. ग. पुलिस महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्रा सुश्री डॉ. मनजीत कौर उपस्थित थे। महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्रा कु. श्वेता ध्रुव अंतर्राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी, श्री नीरव ध्रुव राष्ट्रीय खिलाड़ी उपस्थित थे। स्वागत उद्बोधन डॉ. रेशमा लाकेश, प्राचार्य महोदय डॉ. दीपक कारकून ने छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि नवरात्री के शुभ अवसर पर नारी शक्ति की प्रेरणा बने। मुख्य अतिथि के रूप में श्री वीरेन्द्र सत्पथी जी ने कहा कि किसी भी कार्य का आरंभ शुद्ध मन से करें, निश्चित तौर पर सफलता प्राप्त होगी। नारी अब अबला नहीं रही, वे किसी भी स्थिति का सामना निडरता से करें। इस महाविद्यालय की छात्राएं प्रदेश के उच्च पदों पर आसीन हो, ऐसी शुभकामनाएं हैं। थाना प्रभारी दुर्ग श्रीमति मोनिका पाण्डे को लखन लाल स्मृति पुरस्कार (राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित) प्राप्त हुआ है। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का समय बहुत बदल चुका है। पुलिस शासन अब बहुत सतर्क है एवं बालिकाओं के साथ है। बिना घबराए ये आत्मविश्वास के साथ कानून का सहारा लें, स्वयं आवाज उठाएं। पुलिस प्रशासन से पधारे श्री दिनकर जी ने कहा कि लड़कियों को पहले मानसिक रूप से सबल होना होगा। अपने को कभी कमजोर न माने। महाविद्यालय की छात्राओं के लिए विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था निकट भविष्य में की जावेगी। उन्होंने छात्राओं को ट्रैफिक की मूल जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन रा. से. यो. की अध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ऋतु दुबे ने किया। इस अवसर पर डॉ. आर. के. तिवारी, डॉ. सीमा अग्रवाल, डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. बबीता दुबे आदि प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।



Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2014–15

समिति : एलुमिनी समिति संयोजक : डॉ. रेषमा लाकेष

कार्यक्रम : ''वेलकम दि गर्ल चाइल्ड'' कार्यक्रम का आयोजन

वक्ता : डॉ. अर्चना चौहान एवं डॉ. अजय गोवर्धन

प्रतिभागी संख्या : 100 आयोजन तिथि : 28.11.2014

उद्देश्य : छात्राओं को चिकित्सकीय परामर्ष हेतु जागरूक करना

निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग की वुमन सेल एवं एलुमिनी समिति द्वारा आई.एम.ए. (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन दुर्ग) के तत्वाधान में ''वेलकम द गर्ल चाइल्ड'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। वुमेन सेल संयोजिका डॉ. रेशमा लाकेश ने आमंत्रित चिकित्सकों का परिचय कराया । सर्व प्रथम डॉ. अजय गोवर्धन ने इस मुहिम के विषय में विस्तार से बताते हुये कहा कि समाज में लड़कियों को आग्र आना होगा। उन्होंने महाविद्यालय में भी महीने में दो बार चिकित्सकीय परामर्श हेतु आने का आश्वासन दिया। फॉक्सी की अध्यक्ष डॉ. अर्चना चौहान ने भी अपने संगठन की ओर से सहमति जताई। डॉ. राजू भैसारे ने कहा कि समय–समय पर पूर्व में भी इस महाविद्यालय में हमने सेवाएं दी है। फॉक्सी की सचिव डॉ. संगीता सिन्हा ने कहा कि हम महाविद्यालय में निःशुल्क आयरन टेबलेट वितरण करेंगें एवं माह के एक शनिवार को चिकित्सक द्वारा चिकित्सकीय परीक्षण भी किया जाएगा।

प्रमुख वक्ता डॉ. अर्चना चौहान ने ''वेलकम द गर्ल चाइल्ड'' विषय पर बोलते हुए कहा कि यूनिसेफ के रिपोर्ट के अनुसार प्रतिवर्ष 5 लाख कन्या भ्रूण हत्या की जाती है। लिंगानुपात भी सही नही है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के लिंगानुपात को विस्तृत रूप से पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से बताया। इस घटते अनुपात का कारण सामाजिक दायरा एवं मानसिकता है। इस समस्या पर काबू पाने के लिए हमे, धार्मिक, आर्थिक, न्यायिक तीनों व्यवस्थाओं को मजबूत करना होगा। समाज के हर तंत्र को आगे आना होगा। लड़कियों के साथ ही लड़कों को भी शिक्षित करना होगा। तभी बदलाव संभव है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेशमा लाकेश एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ऋतु दुबे ने किया। इस अवसर पर डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. बबीता दुबे, रिमशा लाकेश ... बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

Girls' P.G. College ★ Govt. Dr. W.W. Patankar Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2015–16

समिति : आई.क्यू.एस.सी. संयोजक : डॉ. अमिता सहगल
कार्यक्रम : आहार एवं पोषण सप्ताह का आयोजन
वक्ता : डॉ. संगीता सिन्हा
प्रतिभागी संख्या : 90 आयोजन तिथि : 04.09.2015
उद्देश्य : छात्राओं को चिकित्सा एवं पोषण संबंधी जानकारी देना
निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

षास. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में नगर की सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विषेषज्ञ डॉ. संगीता सिन्हा का आहार एवं पोषण पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कारकून ने कहा कि लगभग दो दषक से आहार एवं पोषण विज्ञान में तेजी से विकास हो रहा है। यह क्षेत्र विज्ञान की एक षाखा है। सामान्य जनता को भी इस क्षेत्र में जागरूकता आ रही है। गंभीर बीतारियों से बचने एवं स्वस्थ रहने के लिए आहार पर ध्यान देना अति आवष्यक है। मुख्य वक्ता डॉ. संगीता सिन्हा ने कहा भोजन के वे सभी तत्व जो षरीर में आवष्यक कार्य करते हैं, उन्हें पोषण तत्व कहते हैं। यदि ये पोषण तत्व हमारे भोजन में उचित मात्रा में विद्यमान न हो तो षरीर अस्वस्थ हो जाएगा। कार्बोज, प्रोटिन, वसा, विटामिन, खनिज लवण व पानी प्रमुख पोषक तत्व हैं। हर अवस्था में स्त्रियों को अपने आहार और स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेषमा लाकेष एवं आभार प्रदर्षन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया।

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patanker
Girls' P.G.College, Durg

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2015–16

समिति : आई.क्यू.एस.सी. संयोजक : डॉ. अमिता सहगल
कार्यक्रम : आहार एवं पोषण सप्ताह का आयोजन
वक्ता :
प्रतिभागी संख्या : 200 आयोजन तिथि : 07.09.2015
उद्देश्य : छात्राओं को चिकित्सा एवं पोषण संबंधी जानकारी देना
निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

शासकीय डॉ0वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में गृहविज्ञान की छात्राओं द्वारा "आहर एवं पोषण सप्ताह" के अन्तर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्राओं ने महाविद्यालयीन छात्राओं की B.M.I. जांच कर उन्हें खान–पान संबंधी जानकारी दी। पोषण सम्बन्धी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान चार्ट एवं पोस्टर के माध्यम से किया। किशोरावस्था की पोषण सम्बन्धी समस्याओं को आहारीय चिकित्सा की जानकारी दी।

शिविर में लगभग 200 छात्राओं ने अपनी पोषणिक जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस शिविर में महाविद्यालय की छात्राएँ लाभान्वित हुई है। महाविद्यालय के इस तरह के शिविर आयोजित होते रहना चाहिये। गृह विज्ञान विभाग की प्राध्यापिकाओं डॉ0 अमिता सहगल, डॉ0 अलका दुग्गल, डॉ0 मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ0 बबीता दुबे ने शिविर के आयोजन में अपना योगदान दिया।

CS Scanned with CamScanner

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2016–17

समिति : आई.क्यू.ए.सी. संयोजक : डॉ. बबीता दुबे
कार्यक्रम : ''स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला''
वक्ता : श्रीमती स्वर्णलता राव
प्रतिभागी संख्या : 70 आयोजन तिथि : 15.09.2016
उद्देश्य : छात्राओं को स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश देना
निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृहविज्ञान के तत्वाधान में ''स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता श्रीमती स्वर्णलता राव, सेक्टर–9 हॉस्पीटल थी।


कार्यशाला प्रभारी डॉ. बबीता दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा, स्त्री रोग एवं गृह परिचर्या से संबंधित जानकारी श्रीमती राव द्वारा पावर पाइंट प्रजेटेंशन के द्वारा दी गई।

श्रीमती राव ने बताया कि आकस्मिक दुर्घटना के वक्त क्या–क्या त्वरित कार्यवाही की जानी चाहिए तथा कैसे जीवन रक्षा में उपाय कर सकते है।

छात्राओं ने प्रश्न पूछकर अपनी समस्याओं का निदान पाया। श्रीमती राव ने स्त्री रोग एवं स्वास्थ्य जीवन शैली पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा के महत्व को बताते हुए छात्राओं को स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश समाज में विस्तारित करने का आव्हान किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. बबीता दुबे ने किया। महाविद्यालय की छात्राएँ एवं शिक्षकों ने कार्यशाला में बड़ी संख्या में उपस्थित थी।





Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2016–17

**समिति** : आई.क्यू.ए.सी. **संयोजक** : डॉ. अमिता सहगल
**कार्यक्रम** : छात्राओं के लिए आत्मसुरक्षा कार्यशाला का आयोजन
**वक्ता** : सेंसाई शैबाल लहरी
**प्रतिभागी संख्या** : 50 **आयोजन तिथि** : 23.09.2016
**उद्देश्य** : छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा करना
**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन** :

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में आई0क्यू0ए0सी0 के तत्वाधान में छात्राओं के व्यक्तित्व विकास एवं आत्मसुरक्षा हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 28, 29 एवं 30 सितम्बर को महाविद्यालय में किया जा रहा है।

आई.क्यू.ए.सी. की संयोजक डॉ. अमिता सहगल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में छात्राओं को कई दफे अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ता है, उन्हें आत्मरक्षा के लिए स्वफूर्त होकर कदम उठाना आवश्यक है। वहीं उनके व्यक्तित्व विकास के कई ऐसे पहलु है जिन पर ध्यान देकर छात्राएँ आगे बढ़ सकती है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा होगी तथा अंचल के प्रसिद्ध कराते प्रशिक्षण सेंसाई शैबाल लहरी आत्मरक्षा के लिए कराते पर प्रशिक्षण देगें।

महाविद्यालय की छात्रसंघ अध्यक्ष कु. रूचि शर्मा ने कार्यशाला का लाभ सभी छात्राओं को उठाने की अपील की है। कु. रूचि शर्मा ने बताया कि आगे भी नियमित रूप से कराते प्रशिक्षण केन्द्र प्रारंभ करने की दिशा में वे कार्य कर रही है। उल्लेखनीय है कि आई.क्यू.ए.सी. (महाविद्यालयीन आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ) द्वारा नियमित रूप से छात्राओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।



Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College ★ Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
## केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

College Code : 1602


# अकादमिक वर्ष : 2016–17

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| समिति | : | गृहविज्ञान | संयोजक | : | डॉ. रेशमा राकेश |
| कार्यक्रम | : | 'रक्षाटीम' सुरक्षित भविष्य के लिए कार्यक्रम का आयोजन | | | |
| वक्ता | : | श्रीमती सुरेशा चौबे तथा मोनिका पांडे | | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 150 | आयोजन तिथि | : | 08.11.2016 |
| उद्देश्य | : | छात्राओं की जागरूकता के साथ ही उनका आत्मविश्वास बढ़ाना | | | |

निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वूमेन सेल के तत्वाधान में वूमेन हेल्पलाईन (रक्षाटीम) के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें एडिशनल एस. पी. श्रीमती सुरेशा चौबे तथा मोनिका पांडे उपस्थित थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती सुरेशा चौबे ने कहा कि हमारा यह कार्यक्रम जागरूकता के साथ ही आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक है। आज के सामाजिक परिवेश में लड़कियाँ स्वालंबी, आत्मनिर्भर एवं निडर बने यह सब चाहते है किंतु हम स्वयं 'जाने दो' कह कर हर छोटी–छोटी घटनाओं को टाल कर मुक्त हो जाते है। बाद में यह छोटी–छोटी घटनाएँ बड़ी घटना में तब्दील हो जाती है, जो घातक होती है। उन्होनें बताया कि यदि आप कुछ बर्दाश्त कर रही है तो फिर समाज में आगे कैसे बढ़ेगीं आपमें यदि हिम्मत नहीं है तो किसी की मदद या सहायता भी नहीं कर सकेगी। हमें सामाजिक परिवर्तन लाना है और यह तभी संभव है जब आप जागेंगी। हमें अब आगे आना ही होगा। इस अवसर पर श्रीमती मोनिका पाण्डे ने अपना ओजस्वी संबोधन दिया। उन्होनें रक्षाटीम की कार्यप्रणाली की विस्तार से चर्चा की तथा नये कानूनों से छात्राओं को परिचित कराया। उन्होनें लड़कियों के साथ होने वाली छेड़छाड़ की घटनाओं की चर्चा करते हुए विभिन्न रक्षात्मक उपायों पर चर्चा की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि ऐसे आयोजन काफी महत्वपूर्ण तथा प्रेरणास्पद रहते है। छात्राओं को अब हिम्मत जुटा कर ऐसी घटनाओं का प्रतिकार करने की जरूरत है छात्रसंघ अध्यक्ष कु. रूचि शर्मा ने भी छात्राओं को होने वाली विभिन्न समस्याओं पर बोलते हुए कहा कि अब ऐसी घटनाओं को रोकने में हम एकजुट होगें तभी इससे बचा जा सकेगा।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेशमा राकेश ने दिया। इस अवसर पर विभिन्न अशासकीय संगठनों के प्रतिनिधि एवं पत्रकार उपस्थित थे।







Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602


# अकादमिक वर्ष : 2016–17

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| समिति | : | आई.क्यू.ए.सी. | संयोजक | : | डॉ. ऋचा ठाकुर |
| कार्यक्रम | : | विश्व दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन | | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 50 | आयोजन तिथि | : | 03.12.2016 |
| उद्देश्य | : | मूकबधिर छात्राओं की प्रतिभाओं को सामने लाना | | | |

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में विश्व दिव्यांग दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई।

महाविद्यालय के नृत्य विभाग में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत् 06 मूकबधिर छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर भारतनाट्यम शैली में नृत्य की प्रस्तुत दी।

रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें इन छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा बेहतर प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. के.एल. राठी एवं डॉ0 योगेन्द्र त्रिपाठी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया। आभार प्रदर्शन छात्रसंघ कु. रूचि शर्मा ने किया।





Durg (C.G.)
Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College


PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G. ...

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2017–18

समिति : आई.क्यू.ए.सी. संयोजक : डॉ. अमिता सहगल
कार्यक्रम : योग दिवस पर योगाभ्यास
वक्ता : श्री ओ.पी. गुप्ता एवं श्रीमती उर्मिला गुप्ता
प्रतिभागी संख्या : 60 आयोजन तिथि : 21.06.2017
उद्देश्य : योग के माध्यम से शरीर को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाना।
निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व योग दिवस पर "योगाभ्यास" के कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय परिसर में प्रातः 7:00 बजे से आयोजित योगाभ्यास में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने योग की विभिन्न मुद्राओं एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। सेक्टर–10 स्थित योगाश्रम के श्री ओ.पी.गुप्ता एवं श्रीमती उर्मिला गुप्ता के सानिध्य में सभी ने सूर्य नमस्कार, विभिन्न योग मुद्राएँ तथा प्राणायाम का अभ्यास किया एवं सीखा। श्री गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि योग का अर्थ जोड़ना है जो हमें अपने शरीर से जोड़ता है। यदि हम थोड़ा सा वक्त अपने शरीर के लिए निकाले तो हम बहुत से रोगों से बच सकते है। निरोग–मन निरोग–तन आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। श्री गुप्ता ने कमर दर्द, पैर दर्द, डायबिटिज पर विशेष योगाभ्यास सिखाया जिससे शतप्रतिशत लाभ मिलता है। श्रीमती उर्मिला गुप्ता ने ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यास कराया जिससे हमारी एकाग्रता और स्वस्थ्य मन को शक्ति मिलती है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने गुप्ता दंपत्ति का आभार व्यक्त करते हुए उनके बताए महत्वपूर्ण टिप्स को सभी के लिए लाभप्रद बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं डॉ. सीमा अग्रवाल ने कार्यक्रम का संयोजन किया। महाविद्यालय में इस सत्र से योग का भी पिरियड रखे जाने की तैयारी की गई है जिससे विद्यार्थियों को भी योग व ध्यान का प्रशिक्षण मिल सके। इसी सत्र से डिप्लोमा इन योगिक साइंस की कक्षाएँ भी प्रारंभ की जा रही है जो पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय से संबद्ध होगी।



Durg (C.G.)
Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
G.G.Col.

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2017–18

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| समिति | : | गृहविज्ञान विभाग | संयोजक : | डॉ. अमिता सहगल |
| कार्यक्रम | : | "राष्ट्रीय पोषण सप्ताह संपन्न" | | |
| वक्ता | : | डॉ. रेशमा लाकेश | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 100 | आयोजन तिथि : | 07.09.2017 |
| उद्देश्य | : | पोषक आहार के संबंध मे छात्रों को जागरूक करना | | |

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 1 से 7 सितंबर तक मनाया गया। जिसके समापन अवसर पर "पोषक भोजन" बनाओ स्पर्धा तथा पोस्टर स्पर्धा आयोजित की गई। छात्राओं ने विभिन्न पोषक तत्वों से युक्त भोजन की श्रृंखला बनाई जिसे बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया। पोस्टर प्रतियोगिता में पोषक आहार पर केन्द्रित पोस्टर की प्रदर्शनी लगाई गई। पोस्टर में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के कुपोषण से बचाव के तरीके तथा पोषक तत्वों के गुणों पर आधारित पोस्टर प्रस्तुत किए। इस पोषक सप्ताह में छात्राओं को जंक फूड से होने वाले नुकसान को बताया गया तथा इससे दूर रहने की सलाह दी गई।

विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने पोषण सप्ताह पर प्रकाश डालते हुए बढ़ते कुपोषण और जानकारियों के अभाव की सविस्तार चर्चा की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने गृहविज्ञान परिषद् का उद्घाटन किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि परिषद को पोषक आहार के संबंध में जागरूकता अभियान चलाना चाहिए।

इसकी शुरूआत महाविद्यालय की सभी छात्राओं को पोषक आहार के विषय में प्रशिक्षित कर जानकारियाँ उपलब्ध कराये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेशमा लाकेश ने किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. के.एल. राठी, डॉ. ऋचा ठाकुर एवं गृहविज्ञान विभाग के प्राध्यापक उपस्थित थे।




Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2017–18

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| समिति | : | मेडिकल सेंटर संयोजक | : | डॉ. रेशमा लाकेश |
| कार्यक्रम | : | छात्राओं का "दंत परीक्षण शिविर" लगाया गया | | |
| वक्ता | : | डॉ. राम तिवारी | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 150 आयोजन तिथि | : | 30.10.2017 |
| उद्देश्य | : | दंत रोगो के संबंध मे छात्रों को जागरूक करना | | |

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में मेडिकल सेंटर एवं यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में दंत चिकित्सा परीक्षण शिविर लगाया गया। स्थानीय रूंगटा दंत चिकित्सा महाविद्यालय के सौजन्य से डॉक्टरों की टीम ने छात्राओं का दंत परीक्षण किया गया तथा उपचार किया गया। डॉ. राम तिवारी की पूरी टीम लगातार छात्राओं की दंत चिकित्सीय परीक्षण में मुस्तैदी से जुटी रही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि महाविद्यालय में स्थापित मेडिकल सेंटर को शहर के चिकित्सकों का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है हम नियमित रूप से विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराएगें साथ ही विशेषज्ञों के व्याख्यान एवं जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जावेगें जिससे महाविद्यालय की 2600 छात्राओं को इसका लाभ मिल सके।

मेडिकल सेंटर प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी दी की शिविर में छात्राओं को दंत परीक्षण के साथ उपचार भी मोबाईल वैन में उपलब्ध उपकरणों के द्वारा किया गया। छात्राओं के लिए शीघ्र रक्त परीक्षण एवं सिकल सेल परीक्षण शिविर भी लगाया जा रहा है। महाविद्यालय की सभी छात्राओं का हेल्थकार्ड भी बनाया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने शिविर व्यवस्था के लिए मार्गदर्शन दिया। यूथ रेडक्रास की स्वयं सेवकों ने रूंगटा कॉलेज के चिकित्सकों डॉ0 रामकृष्ण, डॉ0 हीना साहनी, डॉ0 बाला सुब्रमण्यम, डॉ0 अभिनव पटेल के साथ लगातार सक्रिय रही। शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का भी उपचार किया गया।

शिविर में रूंगटा दंत चिकित्सा महाविद्यालय के तकनीकी स्टॉफ के साथ व्याख्यातागण भी उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने छात्राओं का दन्त परीक्षण, उपचार के साथ ही कांऊसिलिंग भी की। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रायें बड़ी संख्या में दन्त परीक्षण के लिए उपस्थित थी। मेडिकल सेन्टर प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने शिविर की सफलता के लिये चिकित्सकों, स्वयं सेवकों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।




PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2017–18

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| समिति | : | गृहविज्ञान विभाग | संयोजक | : डॉ. अमिता सहगल |
| कार्यक्रम | : | ''विश्व मधुमेह दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम'' | | |
| वक्ता | : | डॉ. रेशमा लाकेश | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 125 | आयोजन तिथि : | 14.11.2017 |
| उद्देश्य | : | छात्राओं को मधुमेह संबंधी जानकारी तथा बचाव के तरीकों से अवगत कराना | | |

## निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग एवं यूथरेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में पोस्टर प्रदर्शनी एवं आहार प्रदर्शनी लगाई गयी जिसका उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने किया।

पोस्टर प्रदर्शनी में मधुमेह के विषय में उसके लक्षण, टाईप–1 एवं टाईप–2 मधुमेह के विषय में तथा बचाव के लिए किए जाने वाले प्रयासों का सचित्र प्रदर्शन पोस्टर के माध्यम से किया गया था। यूथ रेडक्रॉस एवं गृहविज्ञान की छात्राओं ने महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं को मधुमेह संबंधी जानकारी दी तथा बचाव के तरीके भी बताये। महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा इस अवसर मधुमेह से बचाव के लिए आवश्यक आहार की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें सलाद–सूप, लो कैलेरी आहार प्रदर्शित किए गए। छात्राओं द्वारा डाईट चार्ट के माध्यम से आहार संबंधी जानकारी दी गयी। गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने पोषण आहार पर सारगर्भित जानकारी दी तथा बतया कि उचित आहार से हम मधुमेह को नियंत्रित कर सकते है।

यूथ रेडक्रॉस की प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि मधुमेह के प्रति जागरूकता ही इसका बचाव है। यूथ रेडक्रॉस की छात्राएँ सिर्फ पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से ही नहीं बल्कि रैली एवं सर्वेक्षण के जरिए भी इस दिशा में कार्य कर रही है। गृहविज्ञान एवं रेडक्रॉस की छात्राओं के साथ ही छात्रसंघ अध्यक्ष कु. सुमन कुशवाहा तथा जेण्डर चैम्पियन कु. रूचि शर्मा ने आयोजन में सक्रिय भागीदारी दी।



Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)


PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2017–18

समिति : मेडिकल सेंटर संयोजक : डॉ. रेशमा लाकेश
कार्यक्रम : मेडिकल सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण कैंप
वक्ता : डॉ. संध्या नागरिया
प्रतिभागी संख्या : 150 आयोजन तिथि : 25.11.2017
उद्देश्य : छात्राओं को चिकित्सीय परामर्श देना
निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में संचालित मेडिकल सेंटर में ''स्वास्थ्य' जागरूकता एवं परीक्षण अभियान के अंतर्गत कैंप लगाया गया। जिसमें सुप्रसिद्ध स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. संध्या नागरिया ने छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं चिकित्सीय परामर्श दिया। मेडिकल सेंटर प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत यह चौथा कैंप था जिसमें स्त्रीरोग से संबंधित परामर्श एवं जांच के लिए स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. संध्या नागरिया उपस्थित थी। 60 छात्राओं को चिकित्सीय परामर्श दिया गया। 37 छात्राओं को निम्न रक्तचाप से संबंधित सलाह दी गयी। यूथरेडक्रास के स्वयं सेवकों ने कैंप की व्यवस्था का संचालन किया। मेडिकल सेंटर में चिकित्सीय जांच के अलावा औषधियाँ भी उपलब्ध है। डॉ. रेशमा ने बताया कि शीघ्र ही नेत्र परीक्षण शिविर भी लगाया जावेगा। इस कैंप में श्रीमती दामिनी साहू चिकित्सा सहायक का सक्रिय योगदान रहा।



Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602


# अकादमिक वर्ष : 2017–18

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| समिति | : | रा. से. यो. | संयोजक : | डॉ. सीमा अग्रवाल |
| कार्यक्रम | : | एड्स दिवस पर रैली और प्रदर्शनी आयोजित | | |
| वक्ता | : | डॉ. रेशमा लाकेश एवं डॉ. सीमा अग्रवाल | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 80 | आयोजन तिथि : | 01.12.2017 |
| उद्देश्य | : | एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान चलाना | | |

## निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रैली का आयोजन किया गया। रैली को प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने महाविद्यालय परिसर से रवाना किया। एड्स से संबंधित सुरक्षा व बचाव के नारे के साथ रैली ने जेल रोड से समीपस्थ इलाकों का भ्रमण किया। रा.से.यो. अधिकारी डॉ. सीमा अग्रवाल एवं डॉ. मुक्ता बाखला के निर्देशन पर छात्राओं ने स्लोगन बनाये और जागरूकता अभियान चलाया।

यथरेडक्रास सोसायटी के द्वारा पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता रखी गयी जिसकी प्रदर्शनी लगाई गयी। यूथ रेडक्रास के स्वयं सेवकों ने प्रदर्शनी में एड्स से बचाव के विभिन्न सुरक्षात्मक उपायों पर केन्द्रित पोस्टर की जानकारी सभी को दी।

जागरूकता अभियान के अन्तर्गत यूथ रेडक्रॉस की छात्राओं ने जानकारी दी की रक्त परीक्षण के समय हमेशा डिस्पोजेबल सिरिंज का ही उपयोग किया जावे तथा इस रोग से संबंधित जानकारी रखना तथा सुरक्षा ही बचाव है।

यथूरेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश तथा रा.से.यो. प्रभारी डॉ. सीमा अग्रवाल ने जानकारी दी की शीघ्र ही महाविद्यालय में रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया जावेगा तथा सभी छात्राओं को मेडिकल हेल्थ कार्ड उपलब्ध करा दिया गया है। जिसमें रक्त समूह के साथ स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गयी है।




Durg (C.G.) Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2017–18

समिति : मेडिकल सेंटर संयोजक : डॉ. रेशमा लाकेश
कार्यक्रम : मेडिकल सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण
वक्ता : डॉ. जय तिवारी
प्रतिभागी संख्या : 125 आयोजन तिथि : 21.12.2017
उद्देश्य : छात्राओं को विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता की जानकारी देना

## निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

शा. डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मेडिकल सेन्टर में प्रति सप्ताह नगर के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे है। इस सप्ताह डॉ. जय तिवारी (एम.डी.) ने छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा चिकित्सीय परामर्श दिया।

मेडिकल सेंटर प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि छात्राओं को विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता की जानकारी के साथ ही चिकित्सीय परामर्श भी सेंटर द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। छात्राओं के हेल्थ कार्ड में उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी वजन, ऊँचाई, रक्तसमूह, रक्तचाप की जानकारी तो होती ही है साथ ही चिकित्सीय परामर्श का भी उल्लेख रहता है।

डॉ. जय तिवारी ने लगभग 50 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा सलाह दी।




Durg (C.G.) Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2018–19

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| समिति | : | आई.क्यू.ए.सी. | संयोजक : | डॉ. अमिता सहगल |
| कार्यक्रम | : | योग दिवस पर योगाभ्यास | | |
| वक्ता | : | श्री ओ.पी. गुप्ता एवं श्रीमती उर्मिला गुप्ता | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 65 | आयोजन तिथि : | 21.06.2018 |
| उद्देश्य | : | | | |

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर में प्रातः 06:30 बजे से आयोजित योगाभ्यास में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने योग की विभिन्न मुद्राओं एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा संकल्प लिया कि वे इन योग की मुद्राओं का अभ्यास प्रतिदिन के व्यवहार में लायेगें। सेक्टर–10 स्थित योगाश्रम के श्री ओ.पी. गुप्ता एवं श्रीमती उर्मिला गुप्ता के सानिध्य में सभी ने विभिन्न योग मुद्राओं तथा प्राणायाम, ध्यान का अभ्यास किया एवं सीखा। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक श्री ओ.पी. गुप्ता ने कहा कि यदि हम थोड़ा सा वक्त अपने शरीर के लिये निकाले तो हम बहुत से रोगों से बच सकते है। निरोग मन और निरोग तन आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। श्री गुप्ता ने कमर दर्द, पैर दर्द, मधुमेह पर विशेष योगाभ्यास बताया। श्रीमती उर्मिला गुप्ता ने ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यास कराया जिससे एकाग्रता बढ़ती है और स्वस्थ मन रहता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर योग के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों के लिए इसकी नियमित कक्षाओं की आवश्यकता बतलाई। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने योगाभ्यास एवं ध्यान को दैनिक जीवन में अंगीकृत करने का आव्हान करते हुए गुप्ता दंपत्ति के अमूल्य सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. आरती गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया।



Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2018–19

समिति : वाणिज्य विभाग संयोजक : डॉ. के.एल. राठी
कार्यक्रम : सायबर सुरक्षा पर सेमीनार
वक्ता : अजीत सिंह
प्रतिभागी संख्या : 81 आयोजन तिथि : 01.08.2018
उद्देश्य : सोशल मीडिया के दुरूपयोग से सावधान रहने की जानकारी

## निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में सायबर सुरक्षा पर सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में बताया गया कि इन्टरनेट एवं मोबाईल के बढ़ते उपयोग के कारण जानकारी के अभाव में अपराध एवं ठगी की घटनाएँ हो रही है। इससे बचने इंटरनेट एवं मोबाईल का उपयोग कैसे किया जाए तथा सोशल मीडिया के दुरूपयोग से सावधान रहने विशेषज्ञों ने जानकारी दी।

ज्ञानम ग्रुप दुर्ग के अजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि फोटो के गलत उपयोग एवं हैकिंग की घटनाएँ बढ़ रही है। इनसे सतर्क एवं सावधान रहने के लिए जानकारी जरूरी है। उन्होनें सायबर क्राइम की विभिन्न धाराओं एवं सजा की विस्तृत जानकारी छात्राओं की दी। उन्होने बताया कि फोटो हैकिंग के प्रकरण में लिंक को कॉपी पेस्ट कर इसकी शिकायत सायबर सेल में दर्ज करायी जानी चाहिए। कभी भी मोबाईल में पासवर्ड सेट न करें। विशेषज्ञों ने बताया कि सोशल मीडिया में कमेंट्स पोस्ट एवं फारवर्ड करने में सर्तकता बरते वरना परेशानी में पड़ सकते है। उन्होनें बताया कि इंटरनेट का उपयोग हम अपने कॅरियर को बनाने में करें तथा हमेशा सावधानी बरतें। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. के.एल. राठी तथा प्राध्यापक डॉ. वासनिक, डॉ. शशि कश्यप, नेहा यादव, कु. किरण वर्मा तथा छात्राएँ उपस्थित थे।



Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College ★ Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G. College Durg


कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2018–19

समिति : मेडिकल सेंटर संयोजक : डॉ. रेशमा लाकेश
कार्यक्रम : हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन
वक्ता : डॉ. के.सी. भगत एवं डॉ. अंकिता भगत
प्रतिभागी संख्या : 140 आयोजन तिथि : 08.08.2018
उद्देश्य : छात्राओं को बोन डेसिंटी एवं न्यूरोपैथी की जानकारी देना

## निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में मेडिकल सेंटर के तत्वाधान में हेल्थचेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में बोनमॉस डेंसिटी, बॉडीमास इंडेक्स एवं न्यूरोपैथी की जांच आधुनिक मशीनों से की गयी तथा परामर्श दिया गया। मेडिकल सेंटर प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी दी कि नगर के प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. के.सी. भगत एवं डॉ. अंकिता भगत के सहयोग से एक दिवसीय कैंप का निःशुल्क आयोजन किया गया। जिसमें 140 छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। डॉ. के.सी. भगत ने बताया कि बोनमॉस डेनसिटी की जांच आधुनिक उपकरणों के माध्यम से की गयी। जिसमें सभी की उम्र, वजन और ऊँचाई के साथ बोनमॉस डेनसिटी, बॉडीमास इंडेक्स एवं न्यूरोपैथी टेस्ट किया गया। महिलाओं में 40 की उम्र के बाद कैल्सियम की कमी के कारण हड्डियों में खनिज का घनत्व कम होने से कमर दर्द, पीठ दर्द की शिकायत आम हो गयी है। अब पुरूषों में भी यह लक्षण दिखाई देते है। जांच में पाया गया कि अधिकांश छात्राओं में कैल्सियम की कमी पायी गई तथा ऐनेमिक है। पुरूषों में भी कैल्सियम की कमी पायी गयी। न्यूरोपैथी– मशीन के द्वारा पैर के तलुओं से जांच कर ऐड़ी तथा पैर में होने वाली तकलीफ का भी परीक्षण किया गया। मधुमेह के रोगियों में अधिकतर पैरों में इस प्रकार का शिकायत मिलती है। डॉ. अंकिता भगत ने पोषण एवं आहार प्रबंध पर चिकित्सीय परामर्श भी दिया। उन्होनें बताया कि पोषण एवं उचित खानपान से हम कई बिमारियों से बच सकते है और राहत पा सकते है। न्यूरोपैथी तकनीशियन तापस भगत, बोनमास डेनसिटी के तकनीशियन मुकेश कुमार तथा कु. प्रीति ठाकुर ने सतत् रूप से परीक्षण कार्य किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी तथा महाविद्यालय का स्टॉफ, छात्राओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाया। यूथ रेडक्रॉस की छात्राओं ने कैंप की व्यवस्था का सफल संचालन किया।




Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patanker
P.G. College Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2018–19

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| समिति | : | रा. से. यो. | संयोजक | : | डॉ. यशेश्वरी ध्रुव |
| कार्यक्रम | : | गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने चलाया डेंगू जागरूकता अभियान | | | |
| वक्ता | : | डॉ. एम.एल. अग्रवाल | | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 100 | आयोजन तिथि | : | 13.08.2018 |
| उद्देश्य | : | घर–घर जाकर डेंगू से बचाव के उपाय बताना | | | |

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने रूचि शर्मा के नेतृत्व में डेंगू के लिए जागरूकता अभियान के अर्न्तत वार्ड क्र. 48 एवं उसके आसपास की बस्तियों का सघन भ्रमण किया। छात्राओं ने कूलर के पानी को निकालने तथा आसपास एकत्र पानी के निकासी के लिए वार्ड वासियों के साथ अभियान छेड़ा। घर–घर जाकर डेंगू से बचाव के उपाय बताए तथा साफ–सफाई भी की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव के मार्गदर्शन में छात्राएँ हर दिन एक वार्ड में जाकर अभियान चला रही है। आज महाविद्यालय में डॉ. एम.एल. अग्रवाल के मार्गदर्शन में छात्राओं को होम्योपैथिक दवा का वितरण किया गया।





Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602


# अकादमिक वर्ष : 2018–19

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| समिति | : | मेडिकल सेंटर संयोजक | : | डॉ. रेशमा लाकेश |
| कार्यक्रम | : | मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन | | |
| वक्ता | : | डॉ. सुप्रीत चोपड़ा | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 50 | आयोजन तिथि : | 13.10.2018 |
| उद्देश्य | : | छात्राओं को लाभ प्रदान करना | | |

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में विगत दिनों मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। नगर की समाजसेवी संस्था सत्यम शिवम सुंदरम समिति एवं महाविद्यालय की यूथरेडक्रॉस इकाई के तत्वाधान में आयोजित इस कैम्प में हृदयरोग, दंत रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग, सामान्य स्वास्थ्य के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित थे। कैंप के संबंध में सुप्रसिद्ध हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रीत चोपड़ा ने बताया कि उनकी संस्था लगातार विभिन्न ग्रामों में तथा स्कूलों एवं महाविद्यालयों में इस तरह के कैम्प आयोजित कर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही दवाएँ भी निःशुल्क उपलब्ध कराते है। इस कैम्प में सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. आकाश बख्शी, डॉ. राहुल गुलाटी, डॉ. रंजन सेनगुप्ता, डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, डॉ. वर्षा ठाकुर, डॉ. गौरव आदि उपस्थित थे। यूथ रेडक्रॉस की प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि मेगा कैम्प का छात्राओं को बहुत लाभ मिला। नेत्र विशेषज्ञ से जहाँ नेत्र परीक्षण कराया वहीं डॉ. सुप्रीत चोपड़ा ने छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण और काउंसिलिंग भी की। सत्यम शिवम सुंदरम समिति के सभी पदाधिकारीयों ने कैम्प की व्यवस्था में लगातार सक्रिय रहें। कैम्प का लाभ महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने भी उठाया।

बीपी, ई.सी.जी. ब्लड शुगर की जांच की भी सुविधा कैम्प में उपलब्ध थी। कैम्प के संचालन में यूथ रेडक्रॉस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना तथा ग्रीन आर्मी की छात्राओं के साथ ही स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कु. सीमा, अल्पना, खेमलाल, लोमश, मौसमी एवं पूजा तिवारी निरंतर व्यवस्था में लगी रही। महाविद्यालय के प्राचार्य ने समिति का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया।



Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

College Code : 1602


# अकादमिक वर्ष : 2018–19

समिति : मेडिकल सेंटर संयोजक : डॉ. रेशमा लाकेश

कार्यक्रम : मानसिक स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण : डॉ. आकांक्षा दानी

वक्ता : डॉ. आकांक्षा दानी

प्रतिभागी संख्या : 80 आयोजन तिथि : 27.10.2018

उद्देश्य : छात्राओं को मानसिक अस्वस्थता एवं उसके निराकरण को बताना

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में मेडिकल सेन्टर तथा जिला स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्राओं के मानसिक विकास एवं मानसिक समस्याओं के लिए मार्गदर्शन हेतु सेमीनार का आयोजन किया गया।

सुप्रसिद्ध मनोविशेषज्ञ डॉ. आकांक्षा गुप्तादानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और महत्वपूर्ण भी है। हम इस पर ध्यान न देकर लापरवाही बरतते है जिससे छोटी–छोटी बातें एक बड़ी गंभीर समस्या का रूप ले लेती है। उन्होनें अवसाद पर विशेष फोकस करते हुए कहा कि किशोर अवस्था में हम उचित मार्गदर्शन एवं सलाह के अभाव में हत्तोसाहित हो जाते है और धीरे–धीरे यह अवसाद का रूप ले लेता है। छात्राएँ ज्यादा इससे प्रभावित हो जाती है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा के समय के तनाव से हम परिचित है जिससे हमें नुकसान ही होता है। उसके लिए वर्षभर समयबद्ध ढंग से पढ़ाई की जावे तो यह तनाव नहीं होगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। इसी तरह जीवन में घटने वाली छोटी–छोटी घटनाओं से घबराए नहीं हर परिस्थिति में मनोबल ऊँचा रख कर ही सफल हो सकते है।

छात्राओं ने अपनी समस्याओं को विशेषज्ञ से पूछा और उसका निदान प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्राएँ, प्राध्यापक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन डॉ. लता मेश्राम ने किया।






Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College, Durg